विदेशी पाठ्यक्रम

मौखिक कौशल

खंड 1

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा

विदेशी/अन्य भाषा शिक्षण पाठमाला–2

मौखिक कौशल

खंड–1

आरंभिक स्तर
(उच्चारण शिक्षण एवं अभ्यास)

पाठ निर्माण
रवि प्रकाश गुप्त
अजेय पंडित

संपादन एवं संयोजन
सतीश कुमार रोहरा

केंद्रीय हिंदी संस्थान • आगरा

प्रथम संस्करण : 1991

मूल्य : { रु० 30.00
यू० एस० $ 15.00 (विदेश में)

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा द्वारा प्रकाशित और नरेन्द्रा प्रिंटर्स, आगरा में मुद्रित

आमुख

केंद्रीय हिंदी संस्थान की स्थापना शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1961 में की गई। हिंदी के अखिल भारतीय स्वरूप संबंधी अध्ययन और अनुसंधान, हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के व्यतिरेकी और तुलनात्मक अध्ययन, हिंदी शिक्षण-प्रशिक्षण की अधुनातन प्रविधियों का विकास और प्रसार, विभिन्न वर्गों और स्तरों के अध्येताओं के लिए अधुनातन अनुप्रयुक्त भाषा-वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित शिक्षण-सामग्री का निर्माण, अहिंदी-भाषी प्रांतों के लिए हिंदी अध्यापकों का प्रशिक्षण एवं अहिंदी-भाषी प्रांतों की राज्य सरकारों की स्वैच्छिक संस्थाओं तथा अन्य अभिकरणों को हिंदी शिक्षा विषयक पाठ्यचर्या एवं पाठ्य-सामग्री तैयार करने में सहायता, विदेशी अध्येताओं के लिए हिंदी के शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था, विभिन्न व्यावहारिक एवं प्रयोजनपरक क्षेत्रों में उपयोग की जाने वाली मानक हिंदी की प्रयुक्तियों का विकास और तत्संबंधी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण आदि इसके प्रमुख प्रकार्य हैं। हिंदी अध्यापकों के शिक्षण-प्रशिक्षण के कार्य से प्रारंभ होकर आज यह संस्थान एक अंतर्राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में विकसित हो गया है। संस्थान के अध्यापक एवं अनुसंधानकर्ता अनुप्रयुक्त भाषा-विज्ञान एवं भाषा-शिक्षण से संबद्ध विविध क्षेत्रों में कार्य करते हैं।

संस्थान के दिल्ली केंद्र में पिछले दो दशकों से विदेशी छात्रों को हिंदी सिखाने का कार्य किया जा रहा है। धीरे-धीरे इस शृंखला में प्रारंभिक से लेकर उच्चतम स्तर तक के चार अनुक्रमित पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। विदेशियों को हिंदी का अध्यापन कराने के लिए उपयोगी और प्रभावी शिक्षण सामग्री का बड़ा अभाव है। उपलब्ध शिक्षण सामग्री या तो विशेष प्रकार के छात्रों की आवश्यकता को ध्यान में

रखकर तैयार की गयी है या काफी पहले तैयार की हुई है। इस समय तक अन्य भाषा शिक्षण के सैद्धांतिक और प्रायोगिक परिप्रेक्ष्यों में और शिक्षण प्रविधियों में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हो गए हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए संस्थान में विदेशियों को हिंदी पढ़ाने के लिए ऐसी शिक्षण सामग्री तैयार करने की योजना बनाई गई है जो न केवल शिक्षार्थियों को भाषा के मूलभूत विभिन्न कौशलों–मौखिक और लिखित में सक्षम बनाए बल्कि साथ ही साथ भाषाई प्रयोग के संदर्भ से भी उन्हें जोड़े और हिंदी भाषाई समाज के सांस्कृतिक परिवेश से परिचित करा दे। प्रस्तुत पुस्तक प्रारंभिक स्तर के शिक्षार्थियों को मौखिक कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार की गयी है। इसमें विभिन्न ध्वनियों का उच्चारण और संबद्ध ध्वनियों का अंतर आदि का अभ्यास कराने के लिए सामग्री दी गयी है। इसमें न केवल एकल ध्वनि के विभिन्न अनुक्रमों आदि के उच्चारण को भी सिखाने का प्रयास किया गया है, अनुतान के विभिन्न रूपों को भी अभ्यास कार्य के अंतर्गत लिया गया है। शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए अंत में पुस्तक में प्रयुक्त शब्दावली की भी एक वर्गीकृत सूची दी गयी है।

इस ग्रंथमाला में कई पुस्तकों को प्रकाशित करने की योजना है। प्रारंभ स्तर के लिए भी इस प्रकार के चार प्रारंभिक ग्रंथ प्रकाशित किए जा रहे हैं। प्रस्तुत पुस्तक इस शृंखला का पहला प्रकाशन है। आशा है कि इस ग्रंथ द्वारा अभिप्रेत उद्देश्यों की पूर्ति हो सकेगी।

(बाल गोविन्द मिश्र)
निदेशक

पूर्व कथन

इस पुस्तक की सामग्री

इस पुस्तक में विदेशियों को उच्चारण शिक्षण एवं अभ्यास कराने के लिए कुल पंद्रह पाठ रखे गए हैं। पहले दस पाठ हिंदी की विभिन्न ध्वनियों (स्वर, व्यंजन, व्यंजन गुच्छ) के उच्चारण अभ्यास के लिए हैं और अंतिम पाँच पाठ अनुतान अभ्यास के लिए हैं। इन पाठों का अनुस्तरण किसी भाषा विशेष की दृष्टि से नहीं किया गया है। इसका आधार हिंदी की आंतरिक ध्वनि व्यवस्था है। हाँ, उन स्थितियों का ध्यान रखने का अवश्य प्रयास किया गया है जहाँ प्रायः विदेशी भाषा-भाषी छात्र गलतियाँ करते हैं अथवा कर सकते हैं।

सामग्री की प्रकृति

इन पाठों में ध्वनियों एवं शब्दों में तालमेल रखने का पूरा प्रयास किया गया है। अतः जिस पाठ में जिन ध्वनियों को शिक्षण के लिए चुना गया है, उस पाठ में आने वाले शब्दों या वाक्यों में उन ध्वनियों से इतर ध्वनियाँ नहीं ली गई हैं। शिक्षण बिंदुओं के अभ्यास के लिए उन शब्दों का ही चयन करने का प्रयास किया गया है जो शब्द सामान्य रूप से उस स्तर पर छात्र को सिखाना आवश्यक है। यह एक प्रकार का "माड्यूल" पाठ्यक्रम है जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर किसी भी स्तर के छात्रों के लिए किया जा सकता है।

ऐसा देखा गया है कि विभिन्न देशों में हिंदी पढ़ने वाले छात्र व्याकरण की अच्छी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं और लिखना भी सीख लेते हैं, किंतु बोलने के

अभ्यास के अभाव में उनका उच्चारण स्पष्ट नहीं होता। यह सामग्री ऐसे छात्रों के लिए भी उपयोगी है।

यह पाठ्यक्रम इस रूप में भी स्वतंत्र है कि यह आरंभिक स्तर की शब्दावली अथवा संरचना से पूर्ण रूप से बँधा हुआ नहीं है। यह प्रयास अवश्य किया गया है कि उच्चारण तथा अभ्यास में दिए गए शब्द सरल तथा बहुप्रचलित हों, और वाक्य सरल हों लेकिन इस सामग्री के द्वारा उच्चारण अभ्यास को स्वतंत्र कौशल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया गया है। इसलिए पहले पाठ में "आ" ध्वनि सिखाते समय "मरा" शब्द का इस्तेमाल हो गया है जो "मरना" क्रिया का भूतकालिक रूप है। संरचना की दृष्टि से आरंभ में ही भूतकाल सिखाना संभवतः उचित नहीं होगा।

इसी तरह से अभ्यास की दृष्टि से ऐसे शब्द भी पाठों में आ गए हैं जो इस स्तर के छात्रों के लिए संभवतः उतने बहुप्रचलित नहीं हैं; जैसे "प" ध्वनि सिखाने के लिए "पाप" शब्द दिया गया है।

यह सामग्री अध्यापक को स्थानापन्न नहीं करती परंतु सामग्री का प्रस्तुतीकरण इस प्रकार से करने का प्रयास किया गया है कि छात्र यदि चाहे तो अध्यापक की अनुपस्थिति में भी स्वाध्याय कर सके। यह कार्य इस सामग्री को टेपांकित करके आसानी से किया जा सकता है।

इन सभी पाठों के शिक्षण के लिए 25-30 घंटों का समय अपेक्षित है।

पुस्तक का प्रयोग कैसे करें : (अध्यापक के लिए निर्देश)

1. इस पुस्तक का प्रयोग यथासंभव टेपांकित सामग्री के साथ किया जाय अर्थात् इस पुस्तक में दिए गए अभ्यास आदि साफ़ और सही आवाज़ में टेपांकित कर लेने चाहिए और टेप का पुस्तक के साथ उपयोग करना चाहिए।
2. उच्चारण अभ्यास के लिए यथासंभव कक्षा में छात्रों की संख्या कम होनी चाहिए।

3. यदि पुस्तक का उपयोग टेपांकित सामग्री की सहायता से किया जा रहा हो तो टेप की सहायता से पहले धीमी गति से दो बार, फिर सामान्य गति से ध्वनियों का उच्चारण सिखाया जाय। फिर छात्रों से इनका उच्चारण कराया जाय। यदि इस पुस्तक का उपयोग टेप के बिना किया जा रहा हो तो अध्यापक पहले धीमी गति से दो बार और फिर सामान्य गति से शब्दों का उच्चारण करें फिर छात्रों से उच्चारण करवाएँ।

4. यदि छात्रों के पास टेप रिकार्डर उपलब्ध हो या इस सामग्री का उपयोग भाषा प्रयोगशाला में किया जाता हो तो छात्र अपना उच्चारण टेपांकित कर लें और अध्यापक द्वारा सुझाए गए टेप से उसका मिलान करें। अध्यापक छात्रों को उच्चारण की त्रुटियों के संबंध में बताएँ और उनसे पुनः उच्चारण करवाएँ।

इस सामग्री के शिक्षण के पश्चात् छात्रों को स्व-अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

पाठ विषय विवरण

. पाठ 1 से पाठ 5 तक के पाठों में सभी स्वरों को समाहित किया गया है। प्रत्येक पाठ में दो स्वर लिए गए हैं। जैसे पाठ 1 में "अ" तथा "आ", पाठ 2 में "इ" और "ई" पाठ 3 में "उ" तथा "ऊ"।

2. जहाँ तक व्यंजनों का प्रश्न है, उसमें पहले 4 पाठों में स्पर्शी व्यंजनों के अघोष-अल्पप्राण तथा सघोष-अल्पप्राण रूपों को लिया गया है। जैसे—पाठ—1 में "प" तथा "ब", पाठ—2 में "त" तथा "द" आदि। ऐसा इसलिए किया गया है कि ये ध्वनियाँ प्रायः सभी भाषाओं में पायी जाती हैं। पाठ—5 में "च" तथा "ज" को लिया गया है।

3. इसी तरह तरल व्यंजनों (र, ल, आदि), अर्द्ध-स्वरों (य, व) नासिक्य व्यंजनों (म, न, आदि) के वर्ग से एक-एक व्यंजन प्रत्येक पाठ में समाहित किया गया है।

4. पाठ 6 तथा पाठ 7 में अनुस्वार एवं अनुनासिक ध्वनियों को भी शिक्षण बिंदुओं का भाग बनाया गया है।

5. पाठ 6 से पाठ 10 तक पाठों में उसी क्रम (महाप्राण-अघोष-सघोष) से स्पर्शी व्यंजनों की शेष ध्वनियाँ ली गई हैं।

पाठ 6 से पाठ 10 तक के पाठों में प्रचलित व्यंजन-गुच्छों को भी लिया गया है।

6. पाठ 11 से पाठ 15 में अनुतान अभ्यास के लिए स्वतंत्र वाक्यों को आधार बनाया गया है। ऐसा अनुतान पर अधिकार प्राप्त करने के लिए किया गया है।

पाठ्यक्रम समाप्ति पर छात्र की अनुमानित उपलब्धि

इस पाठ्यक्रम की समाप्ति पर छात्र से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वह हिंदी की समस्त ध्वनियों, प्रचलित व्यंजन-गुच्छों तथा उनसे बनने वाले शब्दों को सुन कर समझ सकेगा तथा उनका सही उच्चारण कर सकेगा।

हमें आशा है कि विदेशियों को हिंदी ध्वनियों का उच्चारण सिखाने में यह पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी।

इस पुस्तक की शब्दावली निर्माण में श्री प्रमोद कुमार रावत (अनुसंधान सहायक) का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

सतोश कुमार रोहरा
संपादक

अनुक्रमणिका

पाठ—1

अ आ प ब म र ल

इस पाठ में हम अ आ प ब म र ल ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे ।

1. (क) पहले हम "अ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "अ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

अब	पर	अमर

(ख) पहले मैं "अ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

अब	अब	अब
पर	पर	पर
अमर	अमर	अमर

(ग) अब हम "आ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "आ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

आम **पार** **रमा**

(घ) अब मैं "आ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

आम	**आम**	**आम**
आ	**आ**	**आ**
रमा	**रमा**	**रमा**

(ङ) मैं "अ" और "आ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में अ/आ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

अब	**आप**
पर	**पार**
मर	**मरा**

2. (क) अब हम "**प**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "**प**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

पर **पल** **आप**

(ख) अब मैं "प" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

पर	**पर**	**पर**
अपना	**अपना**	**अपना**
आप	**आप**	**आप**

(ग) अब हम "ब" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ब" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

बल	बाबा	अब

(घ) अब मैं "ब" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

बाल	बाल	बाल
बाबा	बाबा	बाबा
अब	अब	अब

(ङ) अब हम "म" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "म" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

मार	रमा	आम

(च) अब मैं "म" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

मार	मार	मार
अमर	अमर	अमर
आम	आम	आम

3. (क) मैं "प" और "ब" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में प/ब ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

पल	बल
पाप	बाप

आप अब

4. (क) अब हम "र" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "र" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

राम मरा अमर

(ख) अब मैं "र" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूंगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

रमा रमा रमा

आराम आराम आराम

अमर अमर अमर

(ग) अब हम "ल" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ल" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

लाल माला बल

(घ) अब मैं "ल" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

ला ला ला

माला माला माला

पल पल पल

(ङ) मैं "र" और "ल" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में र/ल ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

मारा	**माला**
पर	**पल**
बार	**बाल**

5. (क) अब हम इस पाठ में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

अब	**अगर**	**रमा**	**पर**
पल	**माला**	**बाल**	**ला**

(ख) अब हम इन शब्दों से कुछ वाक्य बनाएँगे । आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

राम आ ।

राम आम ला ।

रमा आ ।

रमा माला ला ।

अमर आ ।

अमर माला ला ।

अभ्यास

अभ्यास–1. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि आपको दोनों शब्द समान लगते हों तो 1 कहिए और यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

राम	राम	(1)
राम	रमा	(2)

(क)	अब	अब	( )
(ख)	मरा	मारा	( )
(ग)	बार	बाल	( )
(घ)	पल	बल	( )
(ङ)	पर	पल	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से से सुनिए। इसमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

			भिन्न शब्द
राम	रमा	राम	2

(क)	पर	पर	पल	—
(ख)	बल	बल	पल	—
(ग)	मारा	माला	माला	—
(घ)	बार	बाल	बार	—
(ङ)	माला	माला	मारा	—

अभ्यास-3. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों में "अ" तथा "आ" ध्वनियों को ध्यान से सुनिए। उदाहरण के अनुसार "अ" के लिए 1 तथा "आ" के लिए 2 कहिए :

उदाहरण :

अमर	(1—1)
आराम	(2—2)
पल	(1)
रमा	(1—2)

(क)	आम	( )
(ख)	माला	( )
(ग)	बार	( )
(घ)	पर	( )
(ङ)	मरा	( )

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास—1

क. (1), ख. (2), ग. (2), घ. (2), ङ. (2)

अभ्यास—2

क. (3), ख. (3), ग. (1), घ. (2), ङ. (3)

अभ्यास—3

क. (2), ख. (2—2), ग. (2), घ. (1), ङ. (1—2)

पाठ–2

इ ई त द न य व

इस पाठ में हम इ ई त द न य व ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे ।

1. (क) पहले हम "इ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "इ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

इन **दिन** **पति**

(ख) अब मैं "इ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

इन **इन** **इन**

दिन **दिन** **दिन**

(ग) अब हम "ई" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ई" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

ईद **नीला** **नई**

(घ) पहले मैं "ई" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

ईद	ईद	ईद
मीरा	मीरा	मीरा
लाई	लाई	लाई

(ङ) मैं "इ" और "ई" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में इ/ई ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

पिला	पीला
मिल	मील
दिन	दीन

2. (क) अब हम "त" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "त" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

तीन	पिता	रात

(ख) अब मैं "त" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

तीन	तीन	तीन
माता	माता	माता
रात	रात	रात

(ग) अब हम "द" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "द" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

दिन	नदी	बाद

(घ) अब मैं "द" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

दिन	दिन	दिन
नदी	नदी	नदी

(ङ) मैं "त" और "द" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में त/द ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

तीन	दीन
बात	बाद

3. (क) अब हम "न" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "न" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

नाम	अनार	तीन

(ख) अब मैं "न" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

नल	नल	नल
अनार	अनार	अनार
तीन	तीन	तीन

4. (क) अब हम "य" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "य" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

याद	नया	आया

(ख) अब मैं "य" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

याद	याद	याद
नया	नया	नया
लायी	लायी	लायी

(ग) अब हम "व" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "व" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

वन	दवा	नाव

(घ) अब मैं "व" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

वीर	वीर	वीर
दवा	दवा	दवा
नाव	नाव	नाव

(ङ) मैं "व" और "ब" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में व/ब ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

वार	बार
दवा	दबाना

5. (क) अब हम इस पाठ में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर उन्हें दोहराइए :

दिन	पति	नई	नीला	आई
तीन	नदी	अनार	आम	दवा

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे । आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1— **मीरा आई ।**

2—**रमा आम लाई ।**

3—**अमर तीन दिन बाद आया ।**

4—**अमर अनार लाया ।**

5—**रमा दवा पिला ।**

अभ्यास

अभ्यास–1. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए और यदि दोनों भिन्न हैं तो 2 कहिए :

उदाहरण :

नदी	नदी	(1)
दीन	तीन	(2)

(क)	दिया	दीया	( )
(ख)	पिता	पीता	( )
(ग)	माला	माला	( )
(घ)	पिला	पीला	( )
(ङ)	बाल	बाल	( )
(च)	तीन	दीन	( )
(छ)	माला	मारा	( )
(ज)	बार	वार	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

1	2	3	**भिन्न शब्द**
दिन	दीन	दिन	2

(क)	पिला	पिला	पीला	—
(ख)	पीता	पीता	पिता	—
(ग)	वन	बन	बन	—
(घ)	दबा	दबा	दवा	—
(ङ)	रात	रता	लात	—
(च)	पारा	पाला	पारा	—
(छ)	दिया	दीया	दिया	—
(ज)	वाद	बाद	बाद	—

अभ्यास–3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों में "इ" तथा "ई" ध्वनियों को ध्यान से सुनिए। उदाहरण के अनुसार "इ" के लिए 1 तथा "ई" के लिए 2 कहिए :

उदाहरण :

पिलाई	(1–2)
बीमारी	(2–2)

(क)	नीली	( )
(ख)	लिपि	( )
(ग)	नीलिमा	( )
(घ)	दीवाली	( )
(ङ)	विपिन	( )

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास 1.

क. (2), ख. (2), ग. (1), घ. (2), ङ. (1), च. (2), छ. (2), ज. (2)

अभ्यास 2.

क. (3), ख. (3), ग. (1) घ. (3), च (2), छ. (2), ज. (1)

अभ्यास 3.

क. (2—2), ख. (1—1), ग. (2—1), घ. (2—2) ङ. (1—2)

पाठ–3

उ ऊ ट ड ण

इस पाठ में हम उ ऊ ट ड श **ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे ।**

1. (क) पहले हम "**उ**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द **सुनिए** और "**उ**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

उन **तुम**

(ख) अब मैं "**उ**" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द तीन-तीन बार दोहराइए :

उन **उन** **उन**

तुम **तुम** **तुम**

(ग) अब हम "**ऊ**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "**ऊ**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

ऊन **पूरा** **नीबू**

(घ) अब मैं "ऊ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द तीन-तीन बार दोहराइए :

ऊन ऊन ऊन

पूरा पूरा पूरा

नीबू नीबू नीबू

2. (क) मैं "उ" और "ऊ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में उ/ऊ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

उन ऊन

पुराना पूरा

3 (क) अब हम "ट" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ट" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

टमाटर मटर

(ख) अब मैं "ट" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

टमाटर टमाटर टमाटर

आटा आटा आटा

(ग) अब हम "ड" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ड" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

डर निडर

(घ) अब मैं "ड" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा ।आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

डर **डर** **डर**

निडर **निडर** **निडर**

(ङ) मैं "त" और "ट" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में **त/ट** ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

तीन **टीन**

आता **आटा**

बात **बाट**

4. (क) अब हम "**ण**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "**ण**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए।

वीणा **रावण**

(ख) अब मैं "**ण**" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

वीणा **वीणा** **वीणा**

रावण **रावण** **रावण**

5. (क) अब हम इस पाठ में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

उन **ऊन** **टमाटर** **आटा**

डर **वीणा** **रावण** **ऊनी**

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1. रानी टमाटर लाई।
2. मदन डर मत।
3. माला आलू ला।
4. वीणा ऊन ला।
5. रामू आलू मत उबाल।

अभ्यास

अभ्यास–1. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हैं तो 1 कहिए और यदि दोनों शब्द भिन्न हैं तो 2 कहिए :

उदाहरण :

	उन	ऊन	(2)
(क)	ऊन	ऊन	
(ख)	तब	तब	( )
(ग)	टब	तब	( )
(घ)	टाल	डाल	( )
(ङ)	ताला	टाला	( )
(च)	डाल	दाल	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

	1	2	3	**भिन्न शब्द**
	उन	उन	ऊन	3
(क)	नाता	नाटा	नाता	—
(ख)	तब	तब	टब	—

(ग)	टाला	डाला	डाला	—
(घ)	तन	तन	टन	—
(ङ)	अणु	अनु	अनु	—
(च)	आटा	आता	आता	—

अभ्यास–3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों में "उ" तथा "ऊ" ध्वनियों के अंतर को ध्यान से सुनिए । उदाहरण के अनुसार "उ" के लिए 1 तथा "ऊ" के लिए 2 कहिए :

उदाहरण :

पुल	(1)
मूल	(2)

(क)	ऊन	( )
(ख)	आल	( )
(ग)	बुरा	( )
(घ)	मनु	( )
(ङ)	अमरूद	( )
(च)	पूरब	( )

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास—1

क. (1), ख. (1), ग. (2), घ. (2), ङ. (2), च. (2)

अभ्यास—2.

क. (2), ख. (3), ग. (1), घ. (3), ङ. (1), च. (1)

अभ्यास—3

क. (2), ख. (2), ग. (1) घ. (1) ङ. (2), च. (2)

पाठ–4

ए ऐ स ह क ग

इस पाठ में हम ए ऐ स ह क ग ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे ।

1. (क) पहले हम "ए" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ए" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

एक	**सेब**	**केले**

(ख) अब मैं "ए" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

एक	**एक**	**एक**
बेर	**बेर**	**बेर**
केले	**केले**	**केले**

(ग) अब हम "ऐ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ऐ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

ऐनक	**मैला**	**है**

(घ) अब मैं "ऐ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

ऐनक	**ऐनक**	**ऐनक**
पैसा	**पैसा**	**पैसा**

2. मैं "ए" और "ऐ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में ए/ऐ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

एक	**ऐनक**
सेर	**सैर**
हे	**है**

3. (क) अब हम "स" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "स" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

साल	**पैसा**	**दस**

(ख) अब मैं "स" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

सेर	**सैर**	**सैर**
कैसा	**कैसा**	**कैसा**
बीस	**बीस**	**बीस**

(ग) अब हम "ह" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ह" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

हम	**कहा**	**वाह**

(घ) अब मैं "ह" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

हमारा	हमारा	हमारा
बहुत	बहुत	बहुत
ओह्	ओह्	ओह्

(ङ) अब हम "क" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "क" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

कान	मकान	नमक

(च) अब मैं "क" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए ।

काला	काला	काला
मकान	मकान	मकान
नमक	नमक	नमक

(छ) अब हम "ग" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ग" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

गीत	सागर	आग

(ज) अब मैं "ग" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए ।

गाना	गाना	गाना
सागर	सागर	सागर
आग	आग	आग

4. (क) मैं "क" और "ग" ध्वनियों के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा आप इन शब्दों में क/ग ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

काना	गाना
सका	सगा
नाक	नाग

5. (क) अब हम इस पाठ में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगें। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

एक	सेब	केले	ऐनक	पैसा	दस
हम	मकान	नमक	गीत	सागर	आग

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और इन्हें दोहराइए :

1—रावण मारा गया।

2—वीणा सेब और केले लाई।

3—मदन तुम कब आए।

4—वह ऐनक लगाता है।

5—इस मकान की कीमत कितनी है।

अभ्यास

अभ्यास–1 अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हैं तो 1 कहिए यदि दोनों शब्द भिन्न हैं तो 2 कहिए :

उदाहरण :

मेला	मैला	(2)
मैला	मैला	(1)

(क)	एक	ऐनक	( )
(ख)	देर	देर	( )
(ग)	काना	गाना	( )
(घ)	गीत	गीत	( )
(ङ)	हर	हल	( )
(च)	कमला	गमला	( )
(छ)	पकड़ी	पगड़ी	( )
(ज)	कली	गली	( )
(झ)	बेल	बैल	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

1	2	3	**(भिन्न शब्द)**
रोग	रोक	रोक	1

(क)	मेला	मैला	मैला	—
(ख)	नाक	नाक	नाग	—
(ग)	रोक	रोक	रोक	—
(घ)	बैर	बेर	बेर	—
(ङ)	काना	गाना	गाना	—
(च)	हार	हहार	हाल	—
(छ)	पहला	पहरा	पहरा	—
(ज)	साल	सार	सार	—
(झ)	सुरा	सुरा	सुला	—

अभ्यास 3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों में "ए" तथा "ऐ" ध्वनियों को ध्यान से सुनिए । उदाहरण के अनुसार "ए" के लिए 1 तथा "ऐ" के लिए 2 कहिए :

उदाहरण :

अकेला	(1)
मैला	(2)

(क)	एकता	( )
(ख)	पैसा	( )
(ग)	सबेरा	( )
(घ)	ऐसा	( )

(ङ)	आए	( )
(च)	मेला	( )
(छ)	ऐनक	( )
(ज)	कैसा	( )
(झ)	पैर	( )
(ट)	पैदल	( )

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास 1.

क. (2), ख. (1), ग. (3), घ. (1), ङ. (2)
छ. (2) ज. (2), झ. (2)

अभ्यास 2.

क. (1), ख. (3), ग. (2), घ. (1), ङ. (1),
च. (3), छ. (1), ज. (1) झ (3)।

अभ्यास 3.

क. (1), ख. (2), ग. (1), घ. (2), ङ. (1), च.
(1), छ. (2), झ. (2), ट. (2)

पाठ–5

ओ औ श च ज

इस पाठ में हम ओ औ श च ज ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे।

1. (क) पहले हम "ओ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ओ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

ओस मोर सुनो

(ख) अब मैं "ओ" ध्वनि के कुछ शब्द का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

ओस	ओस	ओस
सोना	सोना	सोना
किलो	किलो	किलो

(ग) अब हम "औ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "औ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

औरत कौन नौ

(घ) अब मैं "औ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

औरत	औरत	औरत
मौत	मौत	मौत
सौ	सौ	सौ

2. मैं "ओ" तथा "औ" ध्वनि के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में **ओ/औ** ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

ओर	**और**
गोरी	**गौरी**
सो	सौ

3. (क) अब हम "**श**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "**श**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

शेर	**शीशा**	ताश

(ख) अब मैं "**श**" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

शोर	शोर	शोर
आशा	आशा	आशा
ताश	ताश	ताश

4. मैं "**स**" और "**श**" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में स/श ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

सेर	शेर

कोस	**कोश**
साल	**शाल**
मसाला	**मशाल**

5. (क) अब हम "**च**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "**च**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

चलना	**बेचना**	**सच**

(ख) अब मैं "**च**" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

चलना	**चलना**	**चलना**
चमचा	**चमचा**	**चमचा**
सच	**सच**	**सच**

(ग) अब हम "**ज**" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "**ज**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

जल	**राजा**	**सूरज**

(घ) अब मैं "**ज**" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

जागना	**जागना**	**जागना**
उजाला	**उजाला**	**उजाला**
सूरज	**सूरज**	**सूरज**

6. मैं "**च**" और "**ज**" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में **च/ज** ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

चलना	**जलना**
बचाना	**बजाना**
बीच	**बीज**

7. अब हम इस पाठ में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । फिर इन्हें दोहराइए :

ओस	**मोर**	**किलो**	
औरत	**सौ**	**चौदह**	**आशा**
ताश	**शेर**	**चलना**	**सच**
सूरज	**उजाला**	**जलना**	

8. अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे । आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1—**शीशा टूट गया ।**

2—**वह चार किलो चीनी लाया ।**

3—**चोर उस औरत का सामान ले गया ।**

4—**शेर वन का राजा है ।**

5—**हमेशा सच बोलना चाहिए ।**

अभ्यास

अभ्यास 1. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हैं तो 1 कहिए और यदि दोनों शब्द भिन्न हैं तो 2 कहिए :

उदाहरण :

ओर	और	(2)
शेर	शेर	(1)

(क)	गोरी	गौरी	( )
(ख)	क़ौन	कौन	( )
(ग)	सो	सौ	( )
(घ)	बोना	वौना	( )
(ङ)	सेर	शेर	( )
(च)	चल	जल	( )
(छ)	चाल	जाल	( )
(ज)	चोर	जोर	( )

अभ्यास 2. (क) अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

	1	2	3	भिन्न शब्द
	ओर	और	और	1
(क)	सो	सौ	सौ	—
(ख)	गोरी	गौरी	गौरी	—
(ग)	कोस	कोश	कोस	—
(घ)	साला	साला	शाला	—
(ङ)	चलाना	चलाना	जलाना	—
(च)	चोर	जोर	जोर	—
(छ)	बीच	बीज	बीज	—

अभ्यास–3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "उ", "ऊ", "ओ", तथा "औ" ध्वनियाँ हैं। आप उदाहरण के अनुसार "उ" के लिए 1, "ऊ" के लिए 2, "ओ" के लिए 3 और "औ" के लिए 4 कहिए :

उदाहरण :

बुलाओ	(1– 3)
बोलो	(3—3)
कौआ	(4)

(क)	सुनाओ	( )
(ख)	औरत	( )
(ग)	चौकीदार	( )
(घ)	सुनो	( )
(ङ)	कहो	( )
(च)	नौ-सौ	( )
(छ)	नौकर	( )
(ज)	दौलत	( )

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास—1

क. (2), ख. (1), ग. (2), घ. (1), ङ (2),
च. (2), छ. (2), ज. (2)

अभ्यास—2

क. (2), ख. (1), ग. (2), घ. (3), ङ. (3), च. (1)
छ. (1)

अभ्यास—3

क. (1—3), ख. (4), ग. (4), घ. (1—3), ङ. (3)
च. (4—4), छ. (4), ज. (4)

पाठ–6

फ भ पंचम वर्ण अनुस्वार व्यंजन गुच्छ

इस पाठ के तीन भाग हैं। भाग–क, भाग–ख और भाग–ग। भाग–क में हम "फ" और "भ" ध्वनियाँ भाग–ख में नासिक्य ध्वनियाँ और भाग–ग में हम दो व्यंजनों का एक साथ उच्चारण सीखेंगे।

भाग—क

1. (क) पहले हम "फ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और इन शब्दों में "**फ**" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

फल **फूल** **सफल**

(ख) अब मैं "फ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद आप प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

फल	**फल**	**फल**
फिर	**फिर**	**फिर**
सफल	**सफल**	**सफल**

(ग) अब हम "भ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और इन शब्दों में "भ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

भारत	भाभी	लाभ

(घ) अब मैं "भ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

भाभी	भाभी	भाभी
कभी	कभी	कभी
लाभ	लाभ	लाभ

2. (क) मैं "प" और "फ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में प/फ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

पल	फल
पुल	फूल

(ख) अब मैं "ब" और "भ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में ब/भ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

बुलाना	भुलाना
बार	भार
बाबा	भाभी
बुरा	भला

3. (क) अब हम इस पाठ के भाग "क" में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

फल	फूल	भारत
अभी	भाभी	लाभ

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए।

1—मेरा भाई फल लाया।

2—माला फूल लाई।

3—मेरी भाभी भारत की नहीं है।

4—मदन का भाई अभी आया।

5 मेरा देश भारत है।

भाग—ख

4. (क) अब हम हिंदी की नासिक्य ध्वनियाँ[1] सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और नासिक्य ध्वनियों के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

अङ्गूर[2]	**इञ्जन**	
अण्डा	**हिन्दी**	**लम्बा**
संसार	**हंस**	

---

1. हिंदी में दो प्रकार की व्यंजन ध्वनियाँ हैं—मौखिक ध्वनियाँ और नासिक्य ध्वनियाँ। मौखिक ध्वनियाँ वे ध्वनियाँ हैं जिनका उच्चारण करते समय अंदर से आती हुई वायु मुख से बाहर निकलती है। नासिक्य ध्वनियाँ वे ध्वनियाँ हैं जिनका उच्चारण करते समय अंदर से आती हुई वायु मुख और नाक दोनों स्थानों से बाहर निकलती है।

2. इन शब्दों को आजकल इस तरह लिखा जाता है :
अंगूर इंजन अंडा हिंदी लंबा

(ख) अब हम नासिक्य ध्वनियों के कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

अंगूर	अंगूर	अंगूर
इंजन	इंजन	इंजन
अंडा	अंडा	अंडा
संतरा	संतरा	संतरा
संपादक	संपादक	संपादक
संसार	संसार	संसार
हंस	हंस	हंस
वंश	वंश	वंश

5. मैं नासिक्य और मौखिक ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा आप इन शब्दों में नासिक्य और मौखिक ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

वंश	वश
जंग	जग
अंचल	अचल
गंदा	गदा

6. (क) अब हम इस पाठ के भाग "ख" में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

संसार	लंबा	इंजन	गंदा	वंश
जंग	संतरे	अंगूर	हंस	अंडा

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1—राम अंगूर और संतरे लाया।

2—रेलगाड़ी इंजन से चलती है।

3—मोहन रमेश से लंबा है।

4—हंस पानी में रहता है।

5—आप अंडे भी खाते हैं।

भाग—ग

7. (क) अब हम दो व्यंजनों का एक साथ उच्चारण सीखेंगे। इन दो व्यंजनों में से दूसरा व्यजन "य" है। आप शब्द सुनिए और दो व्यंजनो के एक साथ उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

सत्य	प्यार	न्याय	सूर्य
पत्र	स्त्री	प्रकाश	

(ख) अब मैं दो व्यंजनों के एक साथ उच्चारण वाले कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

सत्य	सत्य	सत्य
प्यार	प्यार	प्यार
न्याय	न्याय	न्याय

8 (क) अब हम दो व्यंजनों का उच्चारण एक साथ सीखेंगे। इन व्यंजनों में दूसरा व्यंजन "र" है। आप शब्द सुनिए और दो व्यंजनों के एक साथ उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

पत्र **स्त्री** **प्रकाश**

(ख) अब मैं दो व्यंजनों के एक साथ उच्चारण वाले कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

प्रकाश	**प्रकाश**	**प्रकाश**
पत्र	**पत्र**	**पत्र**
श्रीमान	**श्रीमान**	**श्रीमान**

9. (क) अब हम इस पाठ के भाग "ग" में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

क्या	**कार्य**	**पत्र**	**प्रकाश**	**श्रीमती**
प्रणाम	**स्त्री**	**सूर्य**	**सत्य**	**प्यासा**

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1—**क्या वह आजकल आगरा में है ?**

2—**आपको यह कार्य पूरा करना चाहिए।**

3—**हर सुबह हम सूर्य को प्रणाम करते हैं।**

4—**मेरी श्रीमती जी भी नौकरी करती हैं।**

5—**सत्य ही सुंदर है।**

6—**मेरे मित्र का आज न्यूयार्क से पत्र आया है।**

अभ्यास

अभ्यास–1. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हों, तो 1 कहिए, यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

पल	फल	(2)
भारी	भारी	(1)

(क)	पल	पल	( )
(ख)	बात	बात	( )
(ग)	बोला	भोला	( )
(घ)	बुलाना	भुलाना	( )
(ङ)	बात	भात	( )
(च)	भला	भला	( )
(छ)	बुरा	भूरा	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

1	2	3	**भिन्न शब्द**
पल	फल	पल	2

	बार	बार	भार	3
(क)	बुलाना	भुलाना	बुलाना	—
(ख)	वाला	भाला	भाला	—
(ग)	भाल	बाल	बाल	—
(घ)	बूरा	भूरा	बूरा	—
(ङ)	बला	बला	भला	—
(च)	बात	भात	बात	—

अभ्यास–3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए और यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

			भिन्न शब्द
	रंग	रग	(2)
	अंग	अंग	(1)
(क)	अंडा	अंडा	( )
(ख)	गदा	गंदा	( )

(ग)	जग	जंग	( )
(घ)	संग	संग	( )
(ङ)	अचल	अंचल	( )
(च)	वंश	वश	( )
(छ)	हंस	हंस	( )

अभ्यास–4 अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

	1	2	3	**भिन्न शब्द**
	पक	पंक	पक	2
	रग	रग	रंग	1
(क)	गंदा	गदा	गदा	—
(ख)	जंग	जग	जंग	—
(ग)	अचल	अचल	अंचल	—
(घ)	वंश	वश	वश	—

अभ्यास–5. (क) ऐसे तीन शब्द बोलिए जिनमें "फ" ध्वनि हो।

(ख) ऐसे तीन शब्द बोलिए जिनमें "भ" ध्वनि हो।

(ग) ऐसे पाँच शब्द बोलिए जिनमें एक से ज्यादा व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो।

(घ) ऐसे पाँच शब्द बोलिए जिनमें नासिक्य ध्वनि हो।

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास—1

क. (1), ख. (1), ग. (2), घ. (2), ङ. (2), च. (1), छ. (2)

अभ्यास—2

क. (2), ख. (1), ग. (1), घ. (2), ङ. (2), च. (3)

अभ्यास—3

क. (1), ख. (1), ग. (2), घ. (1), ङ. (2), च. (2), छ. (1)

अभ्यास—4

क. (1), ख. (2), ग. (3), घ. (1),

अभ्यास—5

इस पाठ में इस तरह के बहुत सारे शब्द हैं। छात्र कोई भी तीन अथवा पाँच शब्द बोलें।

पाठ–7

थ ध अनुनासिकता व्यंजनगुच्छ

पिछले पाठ की तरह इस पाठ में तीन भाग हैं—भाग–क, भाग–ख और भाग–ग । भाग–क में हम थ और ध ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे, भाग–ख में हम अनुनासिकता सीखेंगे और भाग–ग में हम एक साथ उच्चरित होने वाले व्यंजनों (व्यंजनगुच्छों) का उच्चारण सीखेंगे ।

भाग—क

1. (क) पहले हम "थ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "थ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

थाला थाली साथी माथा रथ

(ख) अब मैं "थ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

थाली	थाली	थाली
साथी	साथी	साथी
हाथ	हाथ	हाथ

(ग) अब हम "ध" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए और "ध" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

धन धूप आधा सीधा गधा क्रोध

(घ) अब मैं "ध" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

धूप	धूप	धूप
आधा	आधा	आधा
बुध	बुध	बुध

2. (क) मैं "त" और "थ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में त/थ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

ताली	थाली
माता	माथा
सात	साथ

(ख) अब मैं "द" और "ध" ध्वनि के कुछ शब्द बोलूँगा । आप इन शब्दों में द/ध ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए ।

दान	धान
उदार	उधार
दो	धो

3. (क) अब हम इस पाठ के भाग "क" में आये कुछ शब्द बोलेंगे । आप ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

था	साथी	कथा	साथ
रथ	धोबी	धरती	राधा
क्रोध			

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे । आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर उन्हें दोहराइए :

1—काम करते करते मेरे साथी बहुत थक गए थे ।

2—अध्यापक ने सबको राम की कथा सुनाई ।

3—वे लोग अपने साथ चोर को भी थाने ले गये थे ।

4—सुधा बुधवार का व्रत रखती है ।

5—राधा धरती पर गिर गई ।

भाग—ख

4. (क) पाठ के इस भाग में हम अनुनासिक ध्वनियों का उच्चारण सीखेंगे । इन शब्दों में अनुनासिक स्वर है । आप शब्द सुनिए और अनुनासिकता पर ध्यान दीजिए :

अंधेरा	आंधी	वहाँ	ईंट
ऊँट	मैं	में	

(ख) अब मैं अनुनासिक स्वरों के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

आंधी	आँधी	आँधी
ऊँट	ऊँट	ऊँट

5. (क) हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों में मौखिक और अनुनासिक स्वरों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

सास	साँस
काटा	काँटा
है	हैं
आधी	आँधी
कहा	कहाँ

(ख) अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों में अनुनासिक और नासिक्य ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

पाँच	पंच
भाँग	भंग

(ग) हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों में अनुस्वार और अनुनासिक्य ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

हंस	हँस

6. (क) अब हम इस पाठ के भाग "ख" में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए।

आँख	ऊँट	पाँच	मैं	हैं
काँटा	यहाँ	साँस	गोंद	पाँच

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1—मैं अब यहाँ से कहाँ जाऊँ ।

2—आँधी में घर की दीवारें गिर गईं ।

3—मेरे पाँव में काटा लग गया है ।

4—उसकी साँस बहुत तेज चल रही है ।

5—माँ ने लड़के को चाँटा मारा ।

भाग—ग

7. (क) पाठ के इस भाग में हम एक साथ उच्चरित होने वाले कुछ व्यंजनों का उच्चारण सीखेंगे । आप शब्द सुनिए । इन शब्दों में दो व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो रहा है । इन व्यंजनों में दूसरा व्यंजन नासिक्य ध्वनि (न्, म्) है ।

यत्न आत्मा जन्म

स्नान

(ख) अब मैं एक साथ उच्चारण किये जाने वाले कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा । आप ध्यान से शब्द सुनिए । उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

आत्मा	आत्मा	आत्मा
जन्म	जन्म	जन्म
कश्मीर	कश्मीर	कश्मीर
स्नान	स्नान	स्नान

(ग) अब हम एक साथ उच्चारण किये जाने वाले कुछ और व्यंजनों का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए। इन शब्दों में दो व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो रहा है। इन व्यंजनों में दूसरे व्यंजन "**व**", "**श**" तथा "**स**" हैं :

द्वार	स्वाद	स्वर	श्वेत
बक्सा	नक्शा	रक्षा	

(घ) अब मैं एक साथ उच्चरित होने वाले कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए।

द्वार	द्वार	द्वार
स्वाद	स्वाद	स्वाद
उत्साह	उत्साह	उत्साह
श्वेत	श्वेत	श्वेत
रिक्शा	रिक्शा	रिक्शा

8. (क) अब हम स पाठ के भाग "ग" में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

परमात्मा	जन्म	हुक्म
कश्मीर	यत्न	स्नान
विद्वान	ध्वनि	विश्वास
नक्शा	उत्साह	

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे । आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए तथा दोहराइए :

1—महात्मा गाँधी बहुत बड़े संत थे ।

2—नहीं स्वामी जी, मैं आपकी बात नहीं समझता ।

3—कश्मीर भारत का स्वर्ग है ।

4—उसने हिंदी की सारी ध्वनियों का अभ्यास कर लिया है ।

5—आपके पास कौन सा उपन्यास है ।

अभ्यास

अभ्यास–1. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप ये शब्द ध्यान से सुनिए । यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए, यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

धन	धान	(2)
ताली	ताली	(1)

(क)	धन	धन	( )
(ख)	थन	धन	( )
(ग)	थान	धान	( )
(घ)	थाली	थाली	( )
(ङ)	ताली	थाली	( )
(च)	माता	माथा	( )
(छ)	सात	साथ	( )
(ज)	तक	थक	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है । भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

				भिन्न शब्द
	थन	धन	थन	2
	माथा	माथा	माता	3
(क)	थान	धान	थान	
(ख)	गाथा	गाथा	गाता	—
(ग)	साथ	साथ	साथ	—
(घ)	पोता	पोथा	पोथा	—
(ङ)	तक	तक	थक	—
(च)	सात	साथ	सात	—
(छ)	माता	माथा	माथा	—
(ज)	ताली	ताली	थाली	—

अभ्यास–3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए और यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

	बास	बाँस	(2)
	कहाँ	कहाँ	(1)
(क)	सास	साँस	( )
(ख)	काँटा	काट	( )
(ग)	ताँगा	ताँगा	( )

(घ)	है	हैं	( )
(ङ)	आँधी	आधी	( )
(च)	चाँटा	चाटा	( )
(छ)	बाट	बाट	( )
(ज)	मांस	माँस	( )

अभ्यास 4. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है । भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

	1	2	3	**भिन्न शब्द**
	बास	बाँस	बाँस	1
	है	है	हैं	3
(क)	सास	सास	साँस	—
(ख)	काँटा	काटा	काँटा	—
(ग)	बाट	बाँट	बाँट	—
(घ)	कहीं	कही	कहीं	—
(ङ)	आधी	आँधी	आँधी	—
(च)	मांस	मांस	मास	—
(छ)	कहाँ	कहा	कहाँ	—

अभ्यास 5. (क) अब हम कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "त" ध्वनि के स्थान पर "थ" ध्वनि लगाकर बोलिए :

उदाहरण :

तन > थन

ताली

सात

पोता

(ख) अब हम कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "थ" ध्वनि के स्थान पर "त" ध्वनि लगाकर बोलिए :

उदाहरण :

थक > तक

थाना

थाली

गाथा

(ग) हम कुछ शब्द बोलेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "द" ध्वनि के स्थान पर "ध" ध्वनि लगाकर बोलिए :

उदाहरण :

गदा > गधा

दान

उदार

दो

(घ) अब हम कुछ शब्द बोलेंगे आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "ध" ध्वनि के स्थान पर "द" ध्वनि लगाकर बोलिए :

उदाहरण :

गधा > गदा

धारा

आधी

धस

उत्तर

अब आप अपने उत्तरों का मिलान कीजिए :

अभ्यास—1

क. (1) ख. (2), ग. (2), घ. (1), ङ (2), च. (2), छ. (2), ज. (2)

अभ्यास—2

क. (2), ख. (3), ग. (1), घ. (1), ङ (3), च. (2), छ. (1), ज. (3)

अभ्यास—3

क. (2), ख. (2), ग. (1), घ. (2) छ. (2), च. (2) छ. (1), ज. (2)

अभ्यास—4

क. (3), ख. (2), ग. (1), घ. (2), ङ (1), च. (3) छ. (2)

अभ्यास—5

क. (थाली, साथ, पोथा), ख. (ताना, ताली, गाता), ग. (धान, उधार, धो), घ. (दारा, आदी, दस)

पाठ–8

ठ ढ ड़ ढ़ व्यंजन गुच्छ

इस पाठ में दो भाग हैं—भाग–क और भाग–ख। भाग–क में हम ठ ढ ड़ ढ़ ध्वनियाँ सीखेंगे और भाग–ख में हम एक साथ उच्चरित होने वाले व्यंजनों (व्यंजन गुच्छों) का उच्चारण सीखेंगे।

भाग—क

1. (क) पहले हम "ठ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ठ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

   ठीक ठंडा मीठा बैठना

   साठ पाठ

   (ख) अब मैं "ठ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

उठना	उठना	उठना
मीठा	मीठा	मीठा
पाठ	पाठ	पाठ

2. मैं "ट" और "ठ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में ट/ठ ध्वनियों का अंतर ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

टोकरी	**ठोकर**
मिटाई	**मिठाई**
पीट	**पीठ**
हट	**हठ**

3. (क) अब हम "ढ" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ढ" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

ढीला **ढाई** **ढेर**

(ख) अब मैं "ढ" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

ढीला	**ढीला**	**ढीला**
ढाई	**ढाई**	**ढाई**
ढकना	**ढकना**	**ढकना**

4. मैं "ड" और "ढ" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में ड/ढ ध्वनियों का अंतर ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

डाल	**ढाल**
डोल	**ढोल**
डाका	**ढाका**

5. (क) अब हम "ड़" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ड़"

ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

लड़का	**साड़ी**	**बड़ा**
पेड़	**भीड़**	**रबड़**

(ख) अब मैं "ड़" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

लड़का	**लड़का**	**लड़का**
सड़क	**सड़क**	**सड़क**
पेड़	**पेड़**	**पेड़**
भीड़	**भीड़**	**भीड़**

6. मैं "र" और "ड़" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में र/ड़ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

सारी	**साड़ी**
कोरा	**कोड़ा**
मोर	**मोड़**

7. (क) अब हम "ढ़" ध्वनि का उच्चारण सीखेंगे। आप शब्द सुनिए और "ढ़" ध्वनि के उच्चारण पर ध्यान दीजिए :

बूढ़ा	**पढ़ना**	**गढ़ना**	**अलीगढ़**

(ख) मैं "ढ़" ध्वनि के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

बूढ़ा	**बूढ़ा**	**बूढ़ा**
पढ़ाई	**पढ़ाई**	**पढ़ाई**
बाढ़	**बाढ़**	**बाढ़**

8. मैं "ड़" और "ढ़" ध्वनियों के कुछ शब्द बोलूँगा। आप इन शब्दों में ड़/ढ़ ध्वनियों के अंतर पर ध्यान दीजिए और इन शब्दों को दोहराइए :

पड़ा	**पढ़ा**
गाड़ी	**गाढ़ी**
गड़	**गढ़**
बड़ा	**बढ़ा**

9. (क) अब हम इस पाठ के **भाग–क** में आये हुए कुछ शब्द बोलेंगें। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

ठीक	**ठेला**	**मिठाई**	**लाठी**	**आठ**
ढीला	**ढाल**	**ढोंगी**	**ढूँढ़ना**	**लड़की**
लड़ाई	**सड़ना**	**पहाड़**	**पढ़ाई**	**बूढ़ा**
चढ़	**गढ़**			

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ शब्दों से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1—**ठेला ठीक ठाक करके सड़क पर ले जाइए।**

2—**बूढ़ा आदमी आठ किलो मिठाई लाया था।**

3—**पहाड़ पर चढ़ने के लिए बूढ़े को लाठी चाहिए।**

4—**राम हमेशा ही ढीले-ढाले कपड़े पहनता है।**

5—**रमेश पढ़ाई और लड़ाई दोनों में बहुत तेज है।**

6—**पड़ोस की बड़ी लड़की ने पकौड़ी वाली कढ़ी बनाई।**

भाग—ख

10. (क) अब हम एक साथ उच्चरित होने वाले व्यंजनों का उच्चारण सीखेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इन शब्दों में दो व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो रहा है। इन व्यंजनों में पहला व्यंजन "र" है।

बर्फ	**गर्व**	**अर्थ**	**मुर्गा**
कुर्सी	**वर्षा**	**कार्य**	

(ख) अब मैं एक साथ उच्चरित होने वाले व्यंजनों के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा। आप ध्यान से शब्द सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

अर्थ	**अर्थ**	**अर्थ**
मिर्च	**मिर्च**	**मिर्च**
कुर्सी	**कुर्सी**	**कुर्सी**
वर्षा	**वर्षा**	**वर्षा**

11. (क) अब हम कुछ ऐसे शब्दों का उच्चारण सीखेंगे जिनमें दो व्यंजनों का उच्चारण एक साथ होता है। आप ध्यान से शब्द सुनिए। इन व्यंजनों में पहला व्यंजन "ल" है।

कल्पना **जल्दी** **बाल्टी** **मूल्य**

(ख) मैं एक साथ उच्चरित होने वाले व्यंजनों के कुछ शब्दों का उच्चारण करूँगा आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। उसके बाद प्रत्येक शब्द को तीन-तीन बार दोहराइए :

कल्पना	कल्पना	कल्पना
जल्दी	जल्दी	जल्दी
फिल्म	फिल्म	फिल्म
मूल्य	मूल्य	मूल्य

12. (क) अब हम इस पाठ के भाग–ख में आये हुए कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

दर्पण	कर्म	बर्तन	सर्दी
कार्ड	दर्जन	स्वर्ग	सूर्य
जल्दी	हल्दी	बिल्डिंग	कुल्हाड़ी

(ख) अब हम इन शब्दों में से कुछ वाक्य बनायेंगे। आप इन वाक्यों को ध्यान से सुनिए और फिर इन्हें दोहराइए :

1—यह दर्पण किसने तोड़ दिया।

2—उसने अपना कार्य जल्दी पूरा कर लिया।

3—पानी में बर्फ डाल लीजिए।

4—कार्य पूर्ण करने के बाद ही वह आया।

5—सर्दी में सूर्य की गरमी कम होती है।

अभ्यास

अभ्यास–1. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए, यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

टाट	ठाठ	(2)
हट	हट	(1)

(क)	पीट	पीठ	( )
(ख)	पाठ	पाठ	( )
(ग)	काट	काट	( )
(घ)	टोकरी	टोकरी	( )
(ङ)	हट	हठ	( )
(च)	आठ	आठ	( )

अभ्यास–2. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

	1	2	3	**भिन्न शब्द**
	हट	हठ	हट	2
	पीठ	पीठ	पीट	3
(क)	टाट	ठाठ	टाट	—
(ख)	टिकाना	टिकाना	ठिकाना	—

(ग)	काट	काठ	काठ	—
(घ)	पाट	पाठ	पाट	—
(ङ)	मिटाई	मिठाई	मिठाई	—
(च)	काटी	काठी	काटी	—

अभ्यास–3. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए, यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण

	डाल	ढाल	(2)
	ढोल	ढोल	(1)
(क)	डाका	ढाका	( )
(ख)	डेरी	डेरी	( )
(ग)	डलना	ढलना	( )
(घ)	डोंगी	ढोंगी	( )
(ङ)	डाल	डाल	( )

अभ्यास 4. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए, यदि दोनों भिन्न शब्द हों तो 2 कहिए :

उदाहरण

		भिन्न शब्द
सड़क	सरक	(2)
चूरा	चूरा	(1)

(क)	छुरा	छुड़ा	( )
(ख)	बुरा	बुरा	( )
(ग)	नारा	नाड़ा	( )
(घ)	कोरा	कोड़ा	( )
(ङ)	नारी	नाड़ी	( )
(च)	लार	लाड़	( )
(छ)	हार	हाड़	( )
(ज)	छोर	छोड़	( )

अभ्यास 5. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

	1	2	3	भिन्न शब्द
	सरक	सड़क	सरक	(2)
	चूरा	चूड़ा	चूड़ा	(1)
(क)	छुरा	छुड़ा	छुडा	( )
(ख)	नारा	नारा	नाड़ा	( )
(ग)	कोड़ा	कोड़ा	कोरा	( )
(घ)	नारी	नाड़ी	नारी	( )
(ङ)	लार	लाड़	लार	( )
(च)	हार	हाड़	हाड़	( )
(छ)	मोर	मोड़	मोर	( )

अभ्यास 6. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। यदि दोनों शब्द समान हों तो 1 कहिए। यदि दोनों शब्द भिन्न हों तो 2 कहिए :

उदाहरण :

			भिन्न शब्द
	पढ़ाना	पड़ना	(2)
	चढ़ना	चढ़ना	(1)
(क)	गाढ़ी	गाड़ी	( )
(ख)	मोड़	मूढ़	( )
(ग)	बाढ़	बाड़	( )
(घ)	पेड़	पेड़	( )
(ङ)	कढ़ाई	कढ़ाई	( )
(च)	कड़ी	कढ़ी	( )
(छ)	पीड़ा	पीढ़ा	( )

अभ्यास 7. अब हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

1	2	3	**भिन्न शब्द**
डाल	ढाल	डाल	(2)
डोल	ढोल	ढोल	(1)

(क)	डाक	ढाक	ढाक	—
(ख)	डोर	डोर	ढोर	—
(ग)	डलना	ढलना	डलना	—
(घ)	डोंगी	डोंगी	ढोंगी	—

अभ्यास 8. हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । इनमें दो शब्द समान हैं और एक शब्द भिन्न है । भिन्न शब्द की संख्या उदाहरण के अनुसार बताइए :

उदाहरण :

1	2	3	भिन्न शब्द
बड़ी	बढ़ी	बड़ी	(2)
कड़ी	कढ़ी	कढ़ी	(1)

(क)	पड़ा	पढ़ा	पढ़ा	—
(ख)	कोडी	कोढ़ी	कोढ़ी	—
(ग)	गड़ा	गड़ा	गढ़ा	—
(घ)	गाड़ी	गाड़ी	गाढ़ी	—
(ङ)	गड़	गढ़	गड़	—
(च)	पीड़ा	पीड़ा	पीढ़ा	—

अभ्यास 9. (क) हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे । आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए । इनमें "ट" ध्वनि के स्थान पर "ठ" ध्वनि लगाकर बोलिए :

टाट   पीट   पाट

(ख) हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "ड" ध्वनि के स्थान पर "ढ" ध्वनि लगाकर बोलिए :

डाल डोल डाक

(ग) हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए। इनमें "ड़" ध्वनि के स्थान पर "ढ़" ध्वनि लगाकर बोलिए :

पड़ा गड़ बड़ी

(घ) हम कुछ शब्दों का उच्चारण करेंगे। आप इन शब्दों को ध्यान से सुनिए इनमें "र" ध्वनि के स्थान पर "ड़" लगाकर बोलिए :

नारी तार मोर

अभ्यास 10. (क) उदाहरण के अनुसार ऐसे तीन शब्द बोलिए जिनके आरंभ में "ठ" ध्वनि आ रही हो।

उदाहरण :

